सार-समाचार

संत रविदास की जयंती मनाई

उदयपुरवाटी (निसं)। कस्बे में श्री कृष्ण गौशाला के पास देश के महान संत रविदास की जयंती गंगाराम मौर्य की अध्यक्षता में मनाई गई। जयंती समारोह में उपस्थित जनों ने संत रविदास के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर वक्ताओं ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास देश के महान संत, कवि, समाज-सुधारक थे, उन्होंने समाज में व्याप्त जातिवाद, छुआछूत, ऊंच-नीच का विरोध किया। दोहों के जरिये सामाजिक समरसता एवं आध्यात्मिक विचारों का संदेश दिया। कार्यक्रम में गायत्री परिवार के बजरंग लाल सोनी ने संत रविदास के द्वारा रचित दोहों पर भजनों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में एडवोकेट मोतीलाल सैनी, ओमप्रकाश सैनी, सर्वोदयी कार्यकर्ता बद्रीप्रसाद तंवर, नेहरू वाल्मीकि, पार्षद राधेश्याम रचेता ने संत शिरोमणि रविदास के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अध्यक्ष गंगाराम मौर्य ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान जयंती समारोह में पूर्व पार्षद शिंभू दयाल सैनी, गंगाधर डीग्रवाल, राजहंस तुंगरिया, गणेश बड़ीवाल, वीरेंद्र सैनी, सुरेश नायक, ओमप्रकाश कनवा, भगवाना राम कनवा, प्रेमचंद कनवा, अजय तुंगरिया, अंकित कनवा, अनिल कनवा, विजेंद्र नायक, बिरजू असवाल, हरीश चंद्र तुंगरिया, कानाराम तुंगरिया सहित कई मौजूद थे।

गंदे पानी की निकासी की मांग को लेकर अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

चूरू (निसं)। स्थानीय चांदनी चौक में पिछले काफी दिनों से सड़क पर एकत्रित गंदे पानी की समस्या के समाधान की मांग को लेकर बुधवार को शहरवासियों ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर अर्पिता सोनी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि चांदनी चौक स्थित वार्ड 48,50,51 व 52 में पिछले कई दिनों से सड़क पर गंदा पानी एकत्रित होने से आम रास्ता अवरुद्ध पड़ा है। यहां से लगभग एक दर्जन गांवों, शमशान घाट व चार विद्यालय के विद्यार्थियों और आमजन का आवागमन प्रतिदिन होता है, जिससे आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पडता है। ज्ञापन में बताया कि इस रास्ते पर लगभग दो फिट गटर का गंदा पानी चौबीस घंटे भरा रहता है। जिससे इन वार्डों और ग्रामीणों का जीना दुभर हो रहा है। गौरतलब है कि यह मुख्य मार्ग होने के कारण स्थानीय निवासियों, वाहन चालकों और दुकानदारों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पडता है और इस गंदे पानी से अत्यधिक मच्छरों के पैदा होने से बीमारियों की आशंका बनी हुई है। ज्ञापन में इस समस्या के स्थाई समाधान की मांग की गई। इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में राजकुमार खटीक, महबूब खान व शमशेर भालू खां सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

नवनिर्मित शोरूम का शुभारंभ

चूरू (निसं)। सफेद घंटाघर के पास बागला रेडीमेड सेंटर के नवनिर्मित शोरूम का उद्घाटन बुधवार को समाज सेवी लक्ष्मी देवी बागला ने फीता काटकर किया। प्रोपराइटर विजय कुमार बागला ने बताया कि यहां वर्तमान फैशन के नए डिजाइन के रेडीमेड वस्त्र व बच्चों की ड्रेसों की सम्पूर्ण वैरायटी उचित रेट पर उपलब्ध होगी। इस अवसर पर दीनदयाल बागला, योगेश बागला, गौरव बागला, भीखराज गोयल, कैलाश खेमका, रमेश किला, विवेक गोयनका, मनोज बांठिया, राकेश गोयल, मुकेश भालेरीवाला, सुशील अग्रवाल, सुनील भाउवाला, ललिता, गौरव, सत्यनारायण पाटोदिया, मनोज भावसिंहका, मनीष मोदी सहित बडी संख्या में शहर के गणमान्य जन उपस्थित थे। विनोद कुमार बागला ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

नीमकाथाना जिला निरस्त करने के विरोध में भूख हड़ताल जारी

पाटन (निसं)। नीमकाथाना जिला निरस्त करने के विरोध में ग्राम पंचायत मावंडा खुर्द में मंगलवार को क्रमिक भूख हड़ताल जारी रही।

धरने पर बैठे लोगों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। भूख हडताल पर बैठे भूपेंद्र सिंह, राजपाल डोई, सतीश खरबास, मुकेश जाखड़, रामोतार गुर्जर, संजय जाखड, जगदीश शर्मा, राकेश कुशलपुरा, हंसराज गुर्जर, उदय टेलर, बजरंग कुमावत, नरेंद्र सिंह, भूपसिंह, गंगाराम सैनी, प्रकाश वर्मा सहित कई लोगों ने कहा कि जब तक सरकार अपना फैसला वापस नहीं लेती, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा।

भूपेंद्र सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार ने अन्यायपूर्वक नीमकाथाना जिला निरस्त कर दिया है, जिससे आम जनता में भारी आक्रोश है। यह फैसला जनभावनाओं के खिलाफ है और इसे किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रवीण जाखड ने कहा कि सरकार यह तक नहीं बता पा रही कि किन मापदंडों के आधार पर जिले को निरस्त किया गया। नीमकाथाना जिले के लिए सभी मापदंड पूरे होते थे, फिर भी राजनीतिक दबाव में इसे रद्द कर दिया गया, जो पूर्णतः अन्यायपूर्ण निर्णय है। जनता इस फैसले का पुरजोर विरोध कर रही है और सरकार को इसका जवाब देना होगा।

राजपाल डोई ने कहा कि यह आंदोलन सिर्फ प्रशासनिक फैसले के खिलाफ नहीं, बल्कि यह सरकार को चेतावनी भी है कि जनभावनाओं की उपेक्षा करना भारी पड सकता है। यदि सरकार ने जल्द ही नीमकाथाना जिला बहाल नहीं किया, तो यह आंदोलन और उग्र होगा, जिसका असर राज्य की राजनीति पर भी पडेगा। सतीश खरबास ने कहा कि सरकार का यह फैसला पूरे सीकर संभाग के लोगों में असंतोष और उपेक्षा की भावना को जन्म दे रहा है। इससे प्रशासनिक अव्यवस्था भी बढ़ेगी, जिसका सीधा नुकसान आमजन को होगा।

धरना प्रदर्शन में मदनलाल सैनी, प्रवीण जाखड, बसंत यादव, कृष्ण कुमार यादव, राजेंद्र आर्य, राधेश्याम खटीक, फूलचंद सैनी, बद्रीप्रसाद सैनी, हजारीलाल सैनी, पूरण सिंह, राजेंद्र खराबड़, अमर सिंह सैनी, राजेंद्र कुमार, हवासिंह यादव, रघुवीर यादव, रमेश, दूलीचंद खटीक, रामअवतार कुमावत, राजकुमार, रामनाथ गुर्जर, शंकरलाल राजड़ियां, जयसिंह जाखड, महिपाल टेलर सहित कई लोगों ने समर्थन दिया।

ग्रामवासियों ने सरकार से जल्द से जल्द नीमकाथाना को जिला घोषित करने की मांग की है और कहा कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

गुरु रविदास जयंति मनाई

सादुलपुर, (निसं)। भाजपा किसान मोर्चा जिला कार्यालय सादुलपुर में बुधवार को महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती व संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की दीप प्रज्ज्वलित कर व पुष्प अर्पित कर जयंती मनाई गई। दोपहर अढाई बजे दी जानकारी के अनुसार कार्यक्रम की अध्यक्षता महंत जगदीश पुरी महाराज ने की। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री कृष्ण भाकर ने कहा कि दोनों महापुरुषों ने समाज में फैली बुराई को जड से खत्म करने का काम किया, तथा समाज में भेदभाव मिटानें का काम किया। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा शहर मंण्डल राकेश सैनी, भाजपा किसान मोर्चा गुलपुरा मंण्डल अध्यक्ष मुकेश नेमिवाल, पार्षद लीलाधर खटीक, दुर्गेश धन्धावत, भाजपा युवा नेता सुरेन्द्र नायक, भाजपा युवा नेता सुदेश खिचड, डॉ धर्मपाल पूनिया सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अमृता हाट मेले का आयोजन 18 फरवरी से

सीकर (निसं)। उपनिदेशक महिला अधिकारिता विभाग राजेन्द्र कुमार चौधरी ने बताया कि जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग सीकर द्वारा अमृता हाट मेले का आयोजन महिला स्वयं सहायता समुह की महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण एवं विपणन कौशल को बढावा देने के उददेश्य से 18 फरवरी से 24 फरवरी 2025 तक अरबन हाट मेला सीकर में आयोजित किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि इस सात दिवसीय अमृता हाट में सीकर जिले एवं प्रदेश के विभिन्न जिलों के स्वयं सहायता समूह एवं एकल महिला उद्यमीयों द्वारा अपने हस्तनिर्मित उत्पादों के साथ अन्य सामग्री की बिक्री के लिए स्टॉल लगाई जाएगी। मेले में बिक्री के लिए तैयार उत्पाद जैसे चमडे की जूतिया, आर्टिफिशियल ज्वैलरी, लाख का सामान, क्रोकरी, मूर्तिकला, हरबल प्रोडक्ट, पापड, अचार, मंगोडी, गोटा पती का सामान, सजावटी वस्तुएं एवं खिलौने इत्यादि साथ ही राजस्थानी जायके के साथ अन्य लजीज व्यंजनों का स्वाद भी लिया जा सकता है।

इस दौरान पत्येक दिन शाम को लोक कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यकम एवं विभिन्न प्रतियागिताएं जैसे मेंहदी, राजस्थानी नृत्य, पारपंरिक वेशभूषा एवं रस्साकस्सी इत्यादि प्रतियोगिताएं करवाई जाएगी एवं उत्कृष्ट प्रतिभागीयों को विशिष्ट अतिथियों द्वारा सम्मानित किया जाएगा। प्रतिदिन महिला सशक्तिकरण योजनाआ, बेटी बचाओं, बेटी पढाओ योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कार्यशालाओं का आयोजन कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी कार्यक्रमों का आयोजन स्थल निधारित मेला स्थल रहेगा।

प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक महिलाएं एवं बालिकाएं पंजीकरण के लिए कार्यालय महिला अधिकारिता विभाग सीकर में 17 फरवरी 2025 को सायं 6 बजे तक अपना पंजीकरण करवा सकते हैं ।

उपनिदेशक महिला अधिकारिता एव महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द द्वारा अरबन हाट मेले का बुधवार को निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया गया। मेले में स्टॉल लगाने एवं अधिक जानकारी के लिए विभाग के जिला कार्यालय उपनिदशक महिला अधिकारिता विभाग सीकर में सम्पर्क कर सकते हैं।

सार-समाचार

पूर्व विधायक महर्षि ने जनसुनवाई की

रतनगढ़ (निसं)। स्थानीय भाजपा कार्यालय पर जनसुनवाई की। विधानसभा क्षेत्र रतनगढ़ के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी जनसमस्याएं लेकर पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि ने जनसुनवाई में पहुंचे। महर्षि ने एक-एक व्यक्ति की समस्या सुनकर जल्द समस्या समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान रतनगढ शहर एवं गांवों में जलसप्लाई को सुदृढ करने, विद्युत आपूर्ति, सडकों की मरम्मत/नवीनीकरण, चिकित्सा, शिक्षा सहित, नगरपालिका से संबंधित समस्याओं के बारे में शहर वासियों एवं ग्रामीणों ने पूर्व विधायक को अवगत करवाते हुए समाधान की मांग की , जिस पर पूर्व विधायक महर्षि ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को जल्द समस्या समाधान के सख्त निर्देश दिए। इस दौरान जनसुनवाई में शहर मंडल अध्यक्ष महेश सैनी, भाजपा युवा नेता सुशील इंदोरिया, स्वरूपसिंह सेहला, सुरेंद्र महर्षि, सुनील शर्मा, प्रवीण शर्मा, सुरेंद्र सिंह,नागेश्वर महर्षि,वरिष्ठ नेता शिवभगवान कम्मा, निरंजन रूंथला, राकेश शर्मा (आईस) संतोष तालणियां, सलीम खान, हनीफ खत्री, नदीम चेजारा, सहित कई जनप्रतिनिधि व ग्रामीण एवं शहरवासी मौजूद रहे।

छात्रा हेतल सराफ का स्वागत किया

रतनगढ़ (निसं)। स्थानीय सालासर रोड स्थित केपीएस एजुकेशन हब की छात्रा हेतल सराफ ने मैंस जनवरी अटेम्प्ट में 99.41 परेंटाइल नंबर हासिल कर स्कूल और माता-पिता का नाम रोशन किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने हेतल सराफ का माला एवं साफा पहना कर स्वागत किया छात्रा हेतल ने बताया की कडी मेहनत व माता पिता और स्कूल की वजह से इस मुकाम को हासिल किया संस्था निदेशक ओमप्रकाश गोदारा ने बताया की हेतल शुरू से ही मेधावी छात्रा रही है कक्षा दसवीं में अच्छे अंक प्राप्त किए थे विद्यालय परिवार इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं। इस अवसर पर संस्था निदेशक ओमप्रकाश गोदारा ने सभी स्टाफ सदस्यों के साथ शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन निदेशक विजय गोदारा, जितेन्द्र सिंह, देवीसिंह शेखावत, सुखदेव सिंह, रामनिवास धायल, सुभाष धायल, विनोद रांकावत,करण सिंह, रेवन्तराम, केलाश सांखला, अजय कुमार, राजकुमार धेतरवाल, भूपेंद्र सिंह, ओमप्रकाश प्रजापत, सुनील शर्मा, विकास शर्मा , गणेश प्रजापत, देवकीनंदन स्वामी, पूनम शर्मा, किरण शर्मा, सोनू सोनी, रामदेव डूडी , समस्त स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

कीर्तन में बाबा श्याम को रिझाया

सीकर, (निसं)। श्री श्याम बाबा भजन समिति की ओर से यहां शेखपुरा स्थित रामेश्वरम में श्यामप्रभु का मासिक संकीर्तन श्रद्धा और भक्ति के साथ आयोजित किया गया। संकीर्तन में श्यामभक्त भजन गायक रामगोपाल गोपी ने ''तेरे दर पे आ गया हूँ, आना तो काम था मेरा, श्याम तेरे ही भरोसे मेरा परिवार है'', ''म्हारा श्याम रंगीला पलका उघाडो फागण आ गयो'' भजन सहित सभी भजन गायकों ने अपने मधुर भजनों से नाच गाकर बाबा को रिझाया। प्रारम्भ में श्यामबाबा की ज्योत प्रज्वलित की गई व गणेश वंदना के साथ कीर्तन शुरु हुआ। इस अवसर पर संकीर्तन में अध्यक्ष राजकुमार त्रिपाठी, कार्यकारी अध्यक्ष पवन गिनोडिया, समिति के संस्थापक सचिव भजन गायक श्याम भक्त रामगोपाल गोपी, समाजसेवी सुरेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनिता कांकडोलिया, वीरेन्द्र माथुर व भावना जांगिड, शेरसिंह चौहान, यश चौहान, संजय शर्मा, रामस्वरूप शर्मा, सुनील नैनसुखा, कमल शर्मा,ओमप्रकाश माथुर, प्रमोद पटवारी, रंजना माथुर, सांस्कृतिक सचिव संगीता आसवानी, निर्मला लखानी, सविता शुक्ला, सुमन कंवर, ऋतु शर्मा, सरिता शर्मा आदि श्यामभक्त मौजूद रहे।

अंत्योदय फाउंडेशन ने कम्बल बांटे

रतनगढ़ (निसं)। मुंबई के गैर सरकारी संगठन अंत्योदय फाउंडेशन द्वारा भिजवाई गई कंबलों का वितरण जरूरतमंद लोगों को स्थानीय पोद्दार गेस्ट हाउस में किया गया।फाउंडेशन के संस्थापक महेंद्र मेहता ने समाज सेवी विश्वंभर पोद्दार के सौजन्य से उपलब्ध करवाई गई 35 कम्बलें सेवा निवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप व्यास को भिजवाई, जिनका वितरण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तरुण चाकलान, विवेक पोद्दार व कुलदीप व्यास के द्वारा बुधवार को किया गया। व्यास ने बताया कि राजस्थान के सैकडों गांवों से जुड़ा हुआ फाउंडेशन शिक्षा और कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से जीवन निर्माण में जुटा हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में खिलौना बैंक स्थापना, स्मार्ट टी वी उपलब्ध करवाना और निर्धन परिवारों को वस्त्र वितरण जैसे कार्य करने वाले फाउंडेशन के माध्यम से रतनगढ ब्लॉक में भी फाउंडेशन की विभिन्न सेवाएं उपलब्ध करवाने की शुरुआत कम्बल वितरण से की गई है।

अंशुल श्रीवास्तव को पीएचडी उपाधि

पाटन (निसं)। नीमकाथाना शहर के रामनगर कॉलोनी, भूदोली रोड निवासी अंशुल श्रीवास्तव को गोविंद गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय, बांसवाडा द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। अंशुल श्रीवास्तव ने शिक्षकों में कार्यजनित तनाव का उनकी कार्यकुशलता एवं कक्षागत व्यवहार पर प्रभाव का अध्ययन विषय पर शोध कार्य पूरा किया। उन्होंने यह शोध भारतीय विद्या मंदिर शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, बांसवाड़ा के प्राचार्य डॉ. विशाल उपाध्याय के निर्देशन में संपन्न किया।

टीटनेस और डिफ्थीरिया से बचाव के लिए अभियान लगाया

■ सरकारी व प्राइवेट शिक्षण संस्थाओं में पढ़ाने वाले 10 व 16 साल के बच्चों को लगाया जा रहा है टीका

सीकर, (निसं)। चिकित्सा विभाग की ओर से टीटनेस व डिफ्थीरिया रोग से नौनिहालों का बचाने के लिए अभियान चलाया गया है। इसके तहत जिले के सभी सरकारी व प्राइवेट स्कूलों में पढने वाले 10 और 16 साल के बच्चों को यह टीका लगाया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि इस आयु वर्ग के बच्चों में टीटनेस व डिफ्थीरिया (गलघोंटू) रोग होने की संभावना अधिक रहती है। इसको ध्यान में रखते हुए विभाग की ओर से अभियान चलाया गया है। इसके तहत जिले के सभी प्राइवेट व सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले इस आयु के बच्चों को यह टीका लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा टीकाकारण के प्रोटोकॉल की पालना करते हुए तथा कॉल्ड चैन मेंटेन रखते हुए बच्चों का टीकाकरण किया जा रहा है।

जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने बताया कि विभाग की ओर से अभियान के तहत 10 और 16 साल के बच्चों को टीडी का टीका लगाने के लिए कार्य योजना बनाई गई। इसके तहत स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा प्राइवेट व सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले दस और 16 साल तक के बच्चों का टीकाकरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से स्कूल वार कार्य योजना बनाई गई, ताकि इस एज ग्रुप के सभी बच्चों का टीकाकरण किया जा सके। उन्होंने बताया कि 10 और 16 साल के बच्चों का खेलते समय चोट, खरोंज आदि लगती रहती है। इससे टीटनेस होने की संभावना रहती है। साथ ही इसी एज ग्रुप के बच्चों को डिफ्थीरिया (गलघोंटू) रोग होने की संभावना ज्यादा रहती है। इसके बचाव के लिए टीडी का टीका लगा हुआ होता है तो चोंट, खरोंज आदि लगने पर टीटनेस तथा डिफ्थेरिया रोग के होने की संभावना बहुत कम हो जाती है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपने 10 और 16 साल के बच्चों को टीडी का लगवाने की अपील की है।

आउटरीच कार्यक्रम

सीकर (निसं)। पंजाब नैशनल बैंक मंडल कार्यालय जयपुर-सीकर द्वारा 13 फरवरी 2025 को किसान भवन, कृषि उपज मंडी सीकर में एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में बैंक की विशेष योजनाओ एवम उनके ब्याज दरों के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी। मण्डल प्रमुख सुधांशु भूषण ने बताया कि बैंक द्वारा 13 फरवरी को पीएनबी एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं जैसे प्राइम प्लस, एक्सप्रेस, पीएनबी संपति आदि के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी। इसका फायदा उन लोगों को सबसे अधिक होगा जो वर्तमान में कोई ना कोई व्यवसाय कर रहे हैं और व्यवसाय को बढ़ाने की इच्छा रखते हैं तथा ऐसे नए लोग जो कोई अपना व्यापार शुरू करना चाहते हैं और आकर्षक छूट के साथ अन्य लोन भी ले सकेंगे। इस अवसर पर जिला कलेक्टर सीकर मुकुल शर्मा भी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

नई रेल लाइन बिछाने की मांग

रतनगढ़ (निसं)। नगरपालिका पार्षद नंदकिशोर भार्गव ने जनरल मैनेजर उत्तर पश्चिम रेलवे जॉन को ज्ञापन भेजकर नई रेल लाइन बिछाकर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने की मांग की है। रतनगढ़ से जयपुर जाने के लिए शहर के लोगों को चूरू होकर जाना पडता है जिससे लोगों को 2 घंटे की यात्रा अतिरिक्त करनी पड़ती है तथा रेल भाडा सी बी ज्यादा देना पडता है। इसी प्रकार सरदारशहर से हनुमानगढ जाने के लिए भी घूमकर यात्रा करनी पडती है। इसलिए रतनगढ से फतेहपुर जो 34 किलोमीटर का टुकडा है, उस पर भी रेल लाइन डाली जाए। साथ ही सरदारशहर से हनुमानगढ जो 190 किलोमीटर का टुकडा वर्षों से लंबित है।

पुस्तकालय प्रभारियों का प्रशिक्षण आयोजित

सीकर (निसं)। राजस्थान स्कूल पुस्तकालय संवर्धन परियोजना के तहत सीएमएफ(टाटा ट्रस्ट) द्वारा सीकर जिले के 100 चयनित पुस्तकालयाध्यक्ष एवं प्रभारी शिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय काछवा में 5 से 11 फ़रवरी 2025 तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दक्ष एसआरजी के रूप में सीएमएफ(टाटा ट्रस्ट) से नीरज कुमार, डाईट सीकर से व्याख्याता सरोज लोयल व राजेंद्र कुमार सैनी ने अपनी सेवाएं दी। वही पीईईओं राजेंद्र गुप्ता, एडीपीसी राकेश लाटा व कार्यक्रम अधिकारी रंगलाल मील ने प्रतिभागितायों व शिक्षकों को प्रेरित किया। प्रशिक्षण में बच्चों में पुस्तकों के प्रति रुचि जागृत करने, उनको एक स्वतंत्र पाठक के रूप में विकसित करने एवं उनके भाषा कौशलों के विकास के लिए विभिन्न पर चर्चा की गई। पुस्तकालय में अब तक के अनुभव व पिछले साल की गतिविधियों पर चर्चा की। पुस्तकालय में अन्य शिक्षकों का सहयोग, पुस्तक पर मेरी बात, पुस्तक विज्ञापन, पिक्शनरी, वॉल मैगजीन, सीएलएमसी पर डेमो और चर्चा भी की गई। सीएलएमसी के गठन में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुनाव ईवीएम एप्लीकेशन के माध्यम से करवाकर प्रजातांत्रिक तरीके से बच्चों का चुनाव करवाने पर बातचीत की गई।

एस.एस.पी. जय यादव ने अभाव अभियोग सुने

■ साइबर क्राइम और फ्रॉड पर जानकारी दी

सादुलपुर, (निसं)। जब तक सामाजिक दबाव नहीं बनेगा तब तक आपराधिक गतिविधियां नहीं बल्कि अतिक्रमण जैसी समस्याओं का समाधान संभव नहीं हो सकता है। बुधवार को राजगढ़ पुलिस थाने में दोपहर एक बजे तक आयोजित पुलिस महापंचायत और जन सहभागिता बैठक में संबोधित करते हुए जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव ने जन सहभागिता बैठक ली।

आमजन से रूबरू होकर समस्याओं को जाना तथा शहर में पैदल गश्त कर शहर को साफ सुथरा बनाए रखने के लिए आमजन से सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि पुलिस का काम बढता जा रहा है और संसाधनों सीमित हैं, इस स्थिति में बिना जन सहयोग के पुलिस सुचारू रूप से काम नहीं कर सकती। ट्रैफिक व्यवस्था व अतिक्रमण जैसी समस्याओं पर उन्होंने व्यापार संघ तथा सामाजिक संगठनों से आगे आकर ऐसे लोगों पर दबाव बनाने की अपील की। उन्होंने राजस्थान पुलिस तथा चूरू पुलिस का सोशल मीडिया पेज फॉलो करने की बात कहते हुए बताया कि चूरू जिला पुलिस का हेल्पलाइन व्हाट्सएप ग्रुप भी है। इन सभी के जरिए लोग आवश्यक जानकारियों का आदान-प्रदान कर सकते हैं।

करीब डेढ घंटे चले कार्यक्रम में जिला पुलिस अधीक्षक ने साइबर क्राइम, अपराधों के बदलते तरीके की विस्तार से चर्चा के करते हुए महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी। जनसुनवाई के दौरान सुमेर गुलपुरा, यासीन खान पीटीआई, हैदर अलीसहित सीएलजी की ओर से जिला पुलिस अधीक्षक का आभार जताते हुए उन्हें साफा व दुपट्टा भेंट कर सम्मानित किया गया। इन सभी ने राजगढ थाने की वर्तमान सुव्यवस्था की सराहना करते हुए जिला पुलिस अधीक्षक तथा राजगढ थानाधिकारी राजेश कुमार सिहाग सीआई का आभार जताया।

सुमेर सिंह सिहाग व रजनीश सोनी ने सीएलजी सदस्यों का नये सिरे के गठन करने की माँग की। इसके बाद एसपी ने खुली जनसुनवाई दी की जिसमें परिवादियों को बैठक कर पूरी जानकारी ली तथा आवश्यक कार्रवाई के निर्देश स्थानीय अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर एडिशनल एसपी किशोरी लाल, आईपीएस अधिकारी निश्चय प्रसाद एम तथा थानाधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने आभार जताया। जनसुनवाई के दौरान सुमेर गुलपुरा, यासीन खान पीटीआई, से.नि. फौजी दयानन्द खुड्डी, सेनि. सिपाही हजारीलाल तथा सेवानिवृत पुलिस कल्याण संघ के अध्यक्ष मांगेराम जांगिड आदि ने भी विभिन्न विषयों पर विचार व्यक्त किए।

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर, जिला हनुमानगढ़ (राज.)

क्रमांक :- न.पा.रा./भू./2025/ दिनांक:-........

आपत्ति-आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी श्री जयनारायण पुत्र श्री मुखराम जाति सुथार साकिन वार्ड नं. 06 रावतसर ने आवेदन कर अपने सेक्टर सब्जी मंडी व्यवसायिक भूखंड संख्या 112 साईज 10 गुणा 20 का नामान्तरण अपने नाम से पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना है। मूल आवंटी श्री जीवन खान पुत्र श्री सदीक खां के नाम से साईज 10 गुणा 20 का दिनांक 26.04.2008 को जारीशुदा है। उक्त मूल आवंटी ने जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 30.04.2008 के द्वारा श्री सिलोचना पत्नी श्री रामनिवास को बैचान कर दिया। श्रीमती सिलोचना देवी ने जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 09.05.2012 को श्रीमती कमला पत्नी श्री कृष्ण को बैचान कर दिया। श्रीमती कमला देवी ने जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 23.01.2013 को गोतम कुमार पु9 श्री पवन कुमार को बेचान कर दिया। श्री गोतम कुमार ने जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 29.02.2024 को श्री जयनारायण पुत्र श्री मुखराम जाति सुथार को बेचान कर दिया। जिसका नामान्तरण पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहता है। अंत उक्त आवासीय भूखंड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपत्ति हो, तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर, जिला हनुमानगढ़ (राज.)

क्रमांक :- न.पा.रा./भू./2025/ दिनांक:-........

आपत्ति-आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुभाष चन्द्र पुत्र बलवंत सिंह जाति जाट निवासी वार्ड नंबर 15 रावतसर जिला हनुमानगढ़ ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अपने व्यवसायिक भूखंड सेक्टर सिनेमा मार्केट भूखंड संख्या 131 साईज 15 गुणा 30 वर्गफुट का नामांतरण के नाम से पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहते है। मूल पट्टा नगरपालिका रावतसर द्वारा श्री कृष्णकुमार पुत्र सोहनलाल जाति सोनी के नाम से साईज 15 गुणा 30 वर्गफुट का जारीशुदा है। श्री कृष्णकुमार ने उक्त भूखंड जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 14.02.2011 द्वारा श्री राजेन्द्र कुमार पुत्र श्री बलवंत सिंह को बैचान कर दिया। श्री राजेन्द्र कुमार ने उक्त भूखंड जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 09.01.2025 द्वारा श्री सुभाषचंद्र पुत्र श्री बलवंत सिंह को बैचान कर दिया। जिसका प्रार्थी नामांतरण अपने नाम से पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहते है। अंत उक्त आवासीय भूखंड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपत्ति हो, तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर, जिला हनुमानगढ़ (राज.)

क्रमांक :- न.पा.रा./भू./2025/ दिनांक:-........

आपत्ति-आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थीया श्रीमती शांति देवी पत्नी श्री बलवंतसिंह जाति जाट साकिन वार्ड नं. 12 रावतसर ने ऑनलाईन आवेदन कर अपने आवासीय भूखंड सैक्टर एलआईजीएच भूखंड सं. 197 साईज 30 गुणा 75 में से 15 गुणा 75 का नामान्तरण पालिका रिकॉर्ड में अपने नाम से दर्ज करवाना चाहती है। मूल पट्टा श्री ठाकुरूराम पुत्र लिछमण राम व बलवंत सिंह पुत्र लालचंद के नाम से दिनांक 01.02.2011 को साईज 30 गुणा 75 का जारीशुदा है। श्री बलवंत सिंह की मृत्यु दिनांक 01.11.2013 को हो चुकी है। श्री बलवंत सिंह ने ही अपने जीवनकाल में ही उक्त भूखंड अपंजिकृत वसीयत द्वारा अपनी पत्नी शांति देवी को दान कर दिया। जिसका प्रार्थीया अपने नाम से नामान्तरण पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहते है। अंत उक्त आवासीय भूखंड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपत्ति हो, तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर, जिला हनुमानगढ़ (राज.)

क्रमांक :- न.पा.रा./भू./2024/ दिनांक:-........

आपत्ति-आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी श्री विकास कुमार व विजय कुमार पुत्र रामकुमार जाति बिहाणी साकिन रावतसर ने ऑनलाइन आवेदन कर अपने व्यवसायिक भूखंड सैक्टर बस स्टैंड भूखंड सं. 130 साईज 20 गुणा 40 का नामान्तरण पालिका रिकॉर्ड मं अपने नाम से दर्ज करवाना चाहता है। मूल पट्टा श्रीमती काशी देवी पत्नी श्री गोरीशंकर के नाम से दिनांक 27.03.2010 को साईज 20 गुणा 40 का जारीशुदा है। श्रीमती काशी देवी की मृत्यु दिनांक 26.12.2020 को हो चुकी है। श्रीमती काशी देवी ने उक्त भूखंड अपने जीवनकाल में ही जरिये पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 07.08.2012 को अपने पौत्र श्री विकास कुमार व विजय कुमार पुत्र रामकुमार को दान कर दिया, जिसका प्रार्थीगण अपने नाम से नामांतरण पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहते है। अंत उक्त आवासीय भूखंड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपत्ति हो, तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर, जिला हनुमानगढ़ (राज.)

क्रमांक :- न.पा.रा./भू./2025/ दिनांक:-........

आपत्ति-आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थीया श्रीमती चन्द्रकला पत्नी श्री गजानंद व सूरजकला पत्नी श्री रतिराम जाति कुम्हार साकिन वार्ड नं. 26 रावतसर ने आवेदन कर अपने आवासीय भूखंड संख्या 49 साईज 80 गुणा 120 में से 40 गुणा 120 का नामान्तरण अपने नाम से दर्ज करवानाचाहता है। मूल आवंटी श्री सांव-रमल पुत्र श्री गौरीशंकर दायमा के नाम से साईज 80 गुणा 120 फुट का दिनांक 16.11.1989 जारीशुदा है। उक्त मूल आवंटी ने जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 28.02.1990 के द्वारा श्री आदित्य कुमार पुत्र श्री रामकिशन व सरला देवी पत्नी श्री आदित्य को साईज 80 गुणा 120 का बैचान कर दिया। श्रीमती सरला पत्नी श्री आदित्य व आदित्य कुमार ने जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 03.08.1993 को साईज 80 गुणा 120 तरसेम चंद पुत्र साधुराम व सुषमा रानी पत्नी श्री तरसेमचन्द को बैचान कर दिया। तरसेम चन्द व सुषमा देवी ने जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 12.05.2005 को उक्त भूखंड श्रीमती चन्द्रकला पत्नी श्री गजानंद पूर्वी हिस्सा व सूरजकला पत्नी श्री रतिराम पश्चिम हिस्सा को बेचान कर दिया। जिन्होंने अपने-अपने हिस्से का नामांतरण पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहते है। अंत उक्त आवासीय भूखंड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपत्ति हो, तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर

उत्तर पश्चिम रेलवे

कमीशन आधार पर हॉल्ट एजेंट की नियुक्ति हेतु जन सूचना

सं. 91 आर बी /हॉल्ट एजेंट/सिरसिला/नोटिस/25 दिनांक 12.02.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक, (वाणिज्य) उत्तर पश्चिम रेलवे, बीकानेर मण्डल के निम्नलिखित हॉल्ट स्टेशन के संचालन हेतु पाँच वर्ष की अवधि के लिए हॉल्ट स्टेशन क्षेत्र के स्थानीय निवासियों से, जो उस जिले के निवासी हो, जिसमे हॉल्ट स्टेशन स्थित है, तथा जो कमीशन आधार पर हॉल्ट एजेंट के रूप में कार्य करने के इच्छुक हो, से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

क्रम सं.	हॉल्ट स्टेशन का नाम
1	सिरसिला

आवेदक की आयु कम से कम 18 वर्ष दिनांक 11.03.2025 तक तथा दसवी पास हो। आवेदन पत्र मण्डल रेल प्रबन्धक, (वाणिज्य) उत्तर पश्चिम रेलवे, बीकानेर मण्डल कार्यालय में दिनांक 11.03.2025 को 17 बजे तक पहुँच जाने चाहिए । दिनांक 11.03.2025 (11 मार्च- 2025) के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। प्रार्थी आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित प्रमाण पत्र संलग्न करेंगे (स्वयं द्वारा सत्यापित) (1) दसवी पास शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र । (2) आयु का प्रमाण पत्र (18 वर्ष से अधिक) (3) सरकारी अस्पताल के द्वारा जारी किया गया स्वास्थ्य प्रमाण पत्र जिसमे स्पष्ट हो कि उनमे कार्य करने की क्षमता है तथा वे किसी बीमारी से पीड़ित नहीं है। (4) पुलिस सत्यापन प्रमाण पत्र । (5) स्थानीय निवासी का जिला मजिस्ट्रेट/अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट से जारी मूल निवास प्रमाण पत्र। आवेदन के संबंध में विस्तृत जानकारी www.nwrindianrailway.gov.in वैबसाईट से अथवा वाणिज्य शाखा, मण्डल कार्यालय, बीकानेर में किसी भी कार्य दिवस को प्राप्त की जा सकती है। 183-CR/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

न्यूक्लियर पावर कारपोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड

न्यूक्लियर पावर कारपोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड

(भारत सरकार का उद्यम) (ए गवर्नमेंट ऑफ इण्डिया एंटरप्राइज)

रावतभाटा राजस्थान साइट रावतभाटा राजस्थान साइट

चेतावनी सूचना

राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर में/जयपुर बैंच

डीबी/एसबी सिविल रिट याचिका संख्या/ 2025

गिरफ्तार याचिकाकर्ता	एनपीसीआईएल का कोई भी व्यक्ति/कर्मचारी/पूर्व कर्मचारी
बनाम	
केवेटर/प्रस्तावित प्रतिवादी	न्यूक्लियर पावर कॉपारेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड और अन्य

राजस्थान उच्च न्यायालय के नियम 159 के तहत कैविएट में प्रवेश के लिए आवेदन

माननीय सदस्यों, कृपया वह स्वीकार करें-

विनम्र आवेदक राजस्थान उच्च न्यायालय नियम के नियम 159 के तहत कैविएट दर्ज करना चाहता है और जब तक मामले में आवेदकों की सुनवाई नहीं हो जाती, तब तक कुछ भी नहीं होने देना चाहता है। रिट याचिका का विवरण, जो दायर होने की संभावना है, नीचे दिया गया है-

रिट याचिका निम्नलिखित में से किसी भी व्यक्ति द्वारा दायर की जा सकती है

एनपीसीआईएल का कोई भी व्यक्ति/कर्मचारी/पूर्व कर्मचारी रिट याचिका संभवत निम्नलिखित के विरूद्ध दायर की गई है

1. न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटड, मुंबई।, 2. अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी), न्यूक्लियर, पावर कॉरपोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल), मुबई।, 3. निदेशक (मानव संसाधन), एमपीसीआईएल,मुम्बई।, 4. साइट निदेशक, एनपीसीआइएल, रावतभाटा साइट, 5. एनपीसीआईएल के निदेशक मंडल

रिट याचिका एनपीसीआईएल के किसी भी व्यक्ति/कर्मचारी/पूर्व कर्मचारी द्वारा एनपीसीआईएल परिभाषित अंशदान पेंशन योजना 2025 (स. एनपीसीआईएल/एचआरपी/45/1/18/2025/25, महाप्रबंधक (एचआरपी), एनपीसीआईएल, मुंबई द्वारा जारी) के अनुसरण में दायर किए जाने की संभावना है। एनपीसीआईएल परिभाषित अंशदान पेंशन योजना 2025 से संबंधित दायर की गई ऐसी किसी भी डीबी/एसबी सिविल रिट याचिका का हमारे द्वारा विरोध किया जाएगा।

जो याचिका दायर की जाएगी वह रिट याचिका होगी।

एनपीसीआईएल की ओर से वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन), एनपीसीआईएल, रावतभाटा द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित बकालतनामा यहां प्रस्तुत किया गया है।

अतः विनम्र निवेदन है कि आवेदन की सुनवाई होने तक मामले में कुछ भी न किया जाए।

दिनांक-12.02.2025

जोधपुर/जयपुर

विनम्र आवेदक के माध्यम से

ललित परिहार (एडवोकेट)

मोबाइल नं. 9571176368

CBC 48157/12/0001/2425